बिहार के सारण में डेढ़ करोड़ घरों को मिलेगा निःशुल्क इंटरनेट कनेक्शन

चर्चा में क्यों?

20 दिसंबर 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार भारत नेट उद्यमी योजना के तहत आप्टिकल फाइबर गेटवे से बिहार के सारण ज़िले का हर गांव और हर घर में ब्राडबैंड कनेक्शन लगेगा।

प्रमुख बिंदु

- सारण के सांसद राजीव प्रताप रूडी ने बताया कि सारण ज़िले के गांवों को इंटरनेट से जोड़ने के लिए जिले में 105 किलोमीटर आप्टिकल फाइबर दोबारा बिछाया जा रहा है, जिसे मार्च 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य है।
- सांसद राजीव प्रताप रूडी ने बताया कि ब्राडबैंड कनेक्शन से ग्रामीण क्षेत्र सशक्त बनेंगे, लोग वैश्विक डाक्टरों की मदद से इलाज करा पाएंगे तथा परिवार बच्चों की प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी पर पैसे बचा पाएंगे और गांव के बच्चे गांव में ही रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर पाएंगे।
- सांसद राजीव प्रताप रूडी ने बताया कि द्रुत गति इंटरनेट में टेलीविजन, टेलीफोन, आइपैड, कंप्यूटर, डेस्कटाप सभी का एक साथ उपयोग किया जा सकेगा। इसके साथ ही घरों में अलग से फोन लगाने की जरूरत नहीं है क्योंकि निःशुल्क कनेक्शन के साथ ही एक लैंड लाइन फोन भी लगाया जाएगा।
- विदित हो कि सांसद राजीव प्रताप रूडी ने सारण ज़िले में इंटरनेट कनेक्शन के लिए पहले ही अभियान चलाये थे। इस अभियान में गुलाबी रंग के फार्म के माध्यम से लोगों को इंटरनेट का निःशुल्क कनेक्शन दिया जा रहा है। इसमें 999 रुपये का छह माह का प्लान दिया जा रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/1-5-crore-houses-in-saran-bihar-will-get-free-internet-connection